# पेपर रेट बढ़ाने पर जताया रोष

**भास्कर न्यूज** | बद्दी

उत्तर भारत समेत प्रदेश की पेपरों मिलों द्वारा गत्ता उद्योग में इस्तेमाल होने वाले क्राफ्ट पेपर के मनमाने रेट बढ़ाने से राज्य के गत्ता उद्योग तालाबंदी के कगार पर पहुंच गए हैं। इस संबंध में बीबीएन पैकेजर्स एसोसिएशन की बैठक संघ के प्रधान बलदेव कृष्ण गोयल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश जैन ने विशेष तौर पर शिरकत की। बीबीएन गत्ता उद्योग संघ के सदस्यों ने कहा कि पेपर मिलों द्वारा एक संघ बनाकर पेपर का रेट मनमाने तरीके से बढ़ाया गया है जिसको अब सहन नहीं किया जाएगा और इसके विरोध में हड़ताल की जाएगी। अध्यक्ष बलदेव कृष्ण और महासचिव सुरेंद्र जैन ने कहा कि अब तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि पेपर मिल्स मालिक थोड़े-थोड़े दिन के लिए मिल बंद करके पेपर की कमी दिखाकर रेट को पिछले एक महीने में 4-5 रुपए बढ़ा रहे हैं जबकि गत्ता उद्योग सिर्फ एक रुपए किलो पर ही कार्य करता है उसे इस समय 3-4 रुपए प्रति किलो का नुक्सान हो रहा है।

**बीबीएन** पैकेजर्स एसोसिएशन की हंगामी बैठक में पदाधिकारियों ने मिल मालिकों के खिलाफ मोर्चा खोलने का निर्णय लिया गया।

जरनल सेक्रेटरी सुरेंद्र जैन ने बताया कि बैठक काला अंब में 3 फरवरी को होगी जिसमें सभी पदाधिकरी परवाणू बीबीएन कालाअंब, ऊना, सोलन से आ रहे है। अगर कोई निर्णय नहीं हुआ तो उद्योगों की स्थिति गंभीर हो जाएगी जिसमें बैंकों के लगभग 100 करोड़ से ज्यादा डूबने की आशंका है। सरकार को इस उद्योग से लगभग 4-5 करोड़ से ज्यादा वैट भी प्राप्त होता है तथा 1000 से ज्यादा परिवार बर्बाद हो जाएंगे। गत्ता उद्योग संघ ने अपने ग्राहकों से अपील है कि हमारे रेट कम से कम 20 प्रतिशत बढ़ाएं नहीं तो हिमाचल की आर्थिकी को भी धक्का लगेगा।